नई दिल्ली > मंगलवार, 5 जुलाई 2022 > आषाढ़ 14 शक संवत 1944 आषाढ़ शुक्ल षष्ठी विक्रम संवत 2079

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

वर्ष 76, संख्या 158 > पेज 18* > नोएडा > मूल्य 3.50 या 8.50* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

भगवंत मान की कैबिनेट में 5 नए चहरे

देखें अंदर

'आजादी का इतिहास कुछ लोगों तक सीमित नहीं'

देखें अंदर

एक अनुमान | डीएमआरसी ने यमुना अथॉरिटी को सौंपी प्रारंभिक ट्रैफिक स्टडी रिपोर्ट

नोएडा एयरपोर्ट मेट्रो को नहीं करना होगा यात्रियों का इंतजार

■ विशेष संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

नोएडा एयरपोर्ट से नॉलेज पार्क 2 के बीच यीडा के सेक्टर 29, 21, 20 व 18 मेट्रो स्टेशन को लेकर बनी है रिपोर्ट

जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट को मेट्रो से जोड़ने के लिए डीपीआर (डिटेल प्रॉजेक्ट रिपोर्ट) से पहले डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन) ने प्रारंभिक ट्रैफिक स्टडी रिपोर्ट सौंप दी है। यमुना इंटरनैशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से नोएडा एयरपोर्ट पर तीन मेट्रो स्टेशन बनाने के मसौदे से पहले यह ट्रैफिक स्टडी 27 जून को तैयार हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 तक शुरू होने वाली मेट्रो सर्विस को यात्रियों की कमी नहीं होगी।

यमुना अथॉरिटी में सोमवार को पेश हुई इस रिपोर्ट में नोएडा एयरपोर्ट से नॉलेज पार्क 2 तक मेट्रो सेवा 2025 तक शुरू होने पर रोजाना चढ़ने वाले यात्रियों की संख्या से लेकर मेट्रो स्टेशन की अनुमानित संख्या का इसमें जिक्र किया गया है। इस रिपोर्ट में नोएडा एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो पर 2025 में 40 हजार तो 2040 तक 3 लाख से ज्यादा यात्रियों के रोज चढ़ने की बात कही गई है। नोएडा एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट के बीच 72 किमी की दूरी एक्सप्रेस मेट्रो एक घंटे में तय करेगी।

नोएडा एयरपोर्ट से नॉलेज पार्क 2 के बीच चार मेट्रो स्टेशन का जिक्र इस रिपोर्ट में किया गया है। एयरपोर्ट से चलकर यीडा के सेक्टर 29, 21, 20 व सेक्टर 18 के बाद नॉलेज पार्क 2 के स्टेशन पहुंच एक्सप्रेस मेट्रो जाएगी। नॉलेज पार्क 2 से 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली एक्सप्रेस मेट्रो नोएडा के सेक्टर 142, एमिटी यूनिवर्सिटी, न्यू अशोक नगर, दिल्ली गेट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद वहां से इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट चली जाएगी। इस रिपोर्ट के अनुसार नॉलेज पार्क 2 से नोएडा एयरपोर्ट के बीच सबेरे 9 से 10 व शाम को पांच से छह बजे के बीच यात्रियों की भीड़ ज्यादा होगी। नोएडा एयरपोर्ट से नई दिल्ली तक प्रस्तावित मेट्रो के रूट पर स्टेशनों की संख्या फाइनल डीपीआर आने के बाद स्पष्ट हो जाएगी।

रोज 40 हजार यात्री सफर करेंगे

रिपोर्ट में बताया गया है कि 2025 तक यह मेट्रो सेवा प्रारंभ होने के बाद नॉलेज पार्क से नोएडा एयरपोर्ट व नोएडा एयरपोर्ट से नॉलेज पार्क आने वाले यात्रियों की संख्या 39969 होगी। 2031 में 123022 यात्री रोजाना मेट्रो पर चढ़ेंगे। 2035 में 202000 यात्री हो जाएंगे, 2040 में नॉलेज पार्क से नोएडा एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों की संख्या 228097 तो एयरपोर्ट से नॉलेज पार्क आने वाले यात्रियों की संख्या 114315 होगी।